Dainik Bhaskar

Date: 04 March 10; Page: 19; Edition: Jaipur

# राज्य के 32 थियेटरों में होगा आईपीएल का सीधा प्रसारण

**आईपीएल** थियेटर में नजर आएगा स्टेडियम सा माहौल

**सिटी रिपोर्टर**

विश्व के सबसे बड़े डिजिटल सैटेलाइट सिनेमा नेटवर्क ने क्रिकेट मैचों के प्रसारण के लिए नया धरातल पेश किया है। भारत में क्रिकेट मनोरंजन के अनुभवों को बढ़ाने के लिए यूएफओ मूवीज देशभर के मल्टीप्लैक्सेस और एकल थियेटरों में बिना किसी विज्ञापन के उच्च डेफिनेशन फॉर्मेट के साथ विशाल पर्दे पर डीएलएफ आईपीएल मैच दिखाएगी।

यूएफओ की योजना थियेटर में स्टेडियम का माहौल तैयार करने की है। आईपीएल के जादू को बनाए रखने के लिए सिनेमाघरों में स्टेडियम का माहौल बनाया जाएगा। इस उत्साह में बढ़ोतरी करने के लिए चुनिंदा जगहों पर चीयर लीडर्स और बैंड का इंतजाम भी होगा। यूएफओ के स्ट्रैटजी एडवाइजर चारूहास साटम ने बताया कि जयपुर के सिने स्टार, एमरल्ड, फनस्टार, आईनोक्स सीपी, वैभव एंड स्पेस, कोहिनूर और मोती महल सिनेमाहॉल में, फन ट्राइटोन मॉल, कोटा में सिनेप्लैक्स तथा ईनॉक्स ओम, भीलवाड़ा में महाराणा टॉकीज, अजमेर में मृदंग सिनेमा तथा एरा माया मंदिर, जोधपुर में नसरानी, उदयपुर में पिक्चर पैलेस, सिकंदर सम्राट पैलेस, बीकानेर में सूरज सिनेमा हैं।



यूएफओ के स्ट्रेटजिक एडवाइजर चारूहास साटम (दाएं) मैचों की जानकारी देते हुए।

## जयपुर में होंगे तीन मैच

जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के तीन मैच खेले जाएंगे। इसमें पहला मैच 7 अप्रैल को किंग्स इलेवन-पंजाब, 11 अप्रैल को मुंबई इंडियंस और तीसरा मैच 14 अप्रैल को बेंगलूरू रॉयल चैलेंजर्स के विरुद्ध होगा।